## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सड़क सुविधा न मिलने से पलायन करने को हुए मजबूर

**जिम्मेदार कौन**

## साल 1998 से करते आ रहे है गांव में सड़क की मांग

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की गणाई तहसील के पभ्या गांव के ग्रमीण गांव में सड़क सुविधा का इंतजाम न होने के कारण गांव से काफी तादात में पलायन करने को मजबूर हो चुके है। जानकारी के मुताबिक साल 1998 से शासन व बड़े–बड़े जनप्रतिनिधियों से आज तक गांव के ग्रमीण गांव में सड़क बनाने की मांग करते आ रहे है। वही बीस साल बीत जाने के बाद भी गांव के ग्रमीण सड़क की मांग अब तक पूरी न हो पाने के कारण मायूस हो रहे है।



जोलियाखेत से पभ्या पहुंचने के लिए गांव के ग्रमीणों को लगभग चार किमी खडी चढ़ाई पार करने को मजबूर होना पड़ रहा है। आलम यह है कि गांव के ग्रमीणों में बुर्जुग व गर्भवती महिलाएं व स्कूली बच्चों को खासे दुर्गम हो चुके रास्ते को पार करने में परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है। गांव में पैतालीस परिवार रहते है जिनमें से वर्तमान में पन्द्रह परिवार यहां से हल्द्वानी पलायन कर चुके है। दूसरी ओर सबसे ज्यादा परेशानी गांव के ग्रमीणों को बीमार और प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिलाओं को डोली से सड़क तक जोखिम भरी खड़ी चढ़ाई पार कर अस्सी किमी दूर अल्मोडा उपचार के लिए ले जाना पड़ रहा है। सड़क न बन पाने के कारण गांव के ग्रमीणों को सबसे ज्यादा परेशानी से जूझना पड़ रहा है। सड़क सुविधा से वंचित गांव के ग्रमीणों को अन्य जरूरती सुविधाओं के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। ऐसे में चार किमी खड़ी पैदल चढ़ाई को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

गांव में सड़क के साथ ही पानी की भी खासी किल्लत गांव के ग्रमीण झेल रहे है। गांव के ग्रमीणों को बीस किमी दूर बसियाखेत जाकर पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। हालात इतने जर्जर है कि पभ्या गांव के ग्रमीण कहीं न कहीं अनदेखी की मार व उपेक्षा का दंड झेल रहे है।

इस बारे में बेरीनाग के लोक निमार्ण विभाग के ईई विनोद सिन्हा ने बताया कि भनेडा से पभ्या तक सड़क स्वीकृत हो चुकी है। वन भेमि हस्तांरण की फाइल अभी फिलहाल केन्द्र सरकार के पास लंबित पड़ी है। प्रस्ताव की फाइल के आने का इंतजार किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### भाजपा नेता को मिली जमानत, जेएम ने तलब किया रिकार्ड

**संवाददाता** रुड़की। चकबंदी विभाग के अफसरों एवं भूमाफिया पर कार्रवाई की मांग करने वाले भाजपा नेता को शुक्रवार को जमानत दे दी गई है। साथ ही मामले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सोमवार तक सभी जरूरी कागजात तलब किए हैं। गठित की गई टीम को चेतावनी दी गई है कि 25 अप्रैल तक अनंतिम एवं दो मई तक अंतिम रिपोर्ट देनी है। हीलाहवाली करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेता जगजीवन राम लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। भ्रष्ट अधिकारियों एवं भूमाफिया पर कार्रवाई ना होने पर उन्होंने 16 अप्रैल को रुड़की तहसील मुख्यालय पर आत्मदाह का एलान किया था। इस पर गुरुवार को प्रशासन के निर्देश पर जगजीवन राम को गिरफ्तार कर लिया गया। शांतिभंग के आरोप में जगजीवन राम को रुड़की उप कारागार भेज दिया गया।

### 60 साल की आयु होने पर मिलेगी तीन हजार पेंशन

**संवाददाता** पौड़ी। श्रम विभाग के तत्वावधान में ई–श्रम पोर्टल के पंजीकरण व प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव सुनील बड़थ्वाल ने कहा कि ई–श्रम पोर्टल व पीएम श्रमयोगी मानधन योजना के तहत पंजीकरण कराने पर 18 से 40 आयु वर्ग के महिला–पुरुष श्रमिक श्रमयोगी पेंशन पाने के लिए जितना योगदान करेंगे, उतनी ही धनराशि का योगदान भारत सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष के बाद कम से कम तीन हजार मासिक पेंशन प्राप्त होगी।

### मई–जून का वेतन न मिलने पर अतिथि शिक्षकों में रोष

**संवाददाता** कोटद्वार। मई–जून 2021 का वेतन न मिलने पर अतिथि शिक्षक संघ की जिला इकाई ने रोष व्यक्त किया है। शिक्षक संघ ने शासन को पत्र भेजते हुए जल्द वेतन बहाली की मांग की है। कहा कि प्रदेश सरकार को अतिथि शिक्षकों के हित को लेकर गंभीरता से कार्य करना होगा। शुक्रवार को अतिथि शिक्षक संघ की जिला इकाई ने शासन को पत्र भेजा। संघ के जिलाध्यक्ष इतेंद्र नैथानी ने कहा कि अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त न समझा जाए, इसके लिए शासन ने आचार संहिता लगने से पूर्व एक प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन, आज तक यह प्रस्ताव अमल में नहीं लाया गया। जबकि, इस संबंध में अतिथि शिक्षक कई बार शासन को पत्र भी भेज चुके हैं। प्रस्ताव पर कार्य नहीं होने से अतिथि शिक्षकों के भविष्य को खतरा बना हुआ है।

## गुड फ्राइडे पर हुई विशेष प्रार्थना सभा

**संवाददाता**
अल्मोड़ा। गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक बडन मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। यह दिन प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाने की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वहीं प्रार्थना सभा में मुल्क के अमन चौन की कामना की गई।
गिरजाघर में शुक्रवार के मध्याह्न में विशेष प्रार्थना सभा हुई। इस मौके पर चर्च के मुख्य पादरी राबिन्सन दास ने प्रभु यीशु के सात वचनों को रेखांकित किया। कहा कि प्रभु यीशु मसीह के वचनों के माध्यम से इंसानियत की राह पर चलने का ज्ञान देने वाला दिन है गुड फ्राइडे। उन्होंने सप्रभु यीशु मसीह के व्यक्तित्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं समुदाय के लोगों ने परमेश्वर यीशु के वचनों पर अमल करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सहायक पादरी संजीव एस मसीह, साज सिंह, सुषमा सिंह प्रधानाचार्य वीटी विल्सन, प्रकाश पीटर, अरूणा मैरी, पंकज पाल मैसी, रागिनी मैसी, विवेक सिंह, प्रमोद सिंह, प्रथम मैसी, एन लारेंस समेत बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग मौजूद थे।

**द्वाराहाट।** गुड फ्राइडे पर मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। पादरी सुनील के सिंह ने प्रार्थना सभा में समुदाय के लोगों को प्रभु यीशु मसीह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोगों से प्रभु यीशु की ओर से वर्षों पूर्व दिए गए वचनों पर अमल करने का आह्वान किया।




## ऋषिकेश राजमार्ग पर लगा लंबा जाम, फंसे वाहन

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा आदि राज्यों से बड़ी संख्या में सप्ताहांत पर पर्यटक ऋषिकेश पहुंचे। पर्यटकों के वाहनों की भारी आमद के कारण ऋषिकेश और आसपास क्षेत्र में सड़कें पूरी तरह से जाम हो गई।देहरादून की दिशा से आने वाले वाहन रानीपोखरी सात मोड़ के समीप नरेंद्रनगर बायपास मार्ग की ओर मुड़ गए, जबकि नरेंद्रनगर की ओर से ट्रैफिक को इस बायपास की ओर डायवर्ट किया गया था। यह बायपास मार्ग भी जाम से अछूता नहीं रहा।

# ऋषिकेश में उमड़ी पर्यटकों की भीड़, सड़कों पर लगा लंबा जाम, ट्रैफिक प्लान की खुली पोल

**संवाददाता** ऋषिकेश। शुक्रवार को ऋषिकेश राजमार्ग पर लंबा जाम लगने से यात्री हलकान हो गए। योगनगरी आए पर्यटक और आम जनता घंटों जाम में फंसी रही। इस दौरान ऋषिकेश–हरिद्वार मार्ग पर ऋषिकेश की और आने वाले वाहनों के कारण श्यामपुर में भयंकर जाम लग गया।

ऋषिकेश–गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर भद्रकाली के समीप वाहन जाम में फंस गए। वहीं ऋषिकेश, नरेंद्रनगर मार्ग पर लंबा जाम लग गया। मुख्य मार्ग पर जाम लगने के कारण ऋषिकेश के अंदरूनी मार्गों पर अन्य प्रांतों के वाहन घुस गए, जिस कारण यात्रा बस अड्डा मार्ग पर भी जाम

**नगर के भीतरी इलाकों में भी लगा जाम**

लगा गया। जाम में फंसे दुपहिया वाहन चालक भरी गर्मी में परेशान हो गए।

**नेपाली फार्म से आगे लगा जाम**

सप्ताहांत पर शुक्रवार को ही बड़ी संख्या में दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश आदि क्षेत्र से पर्यटक अपने वाहनों के साथ ऋषिकेश पहुंचे। हरिद्वार ऋषिकेश की ओर नेपाली फार्म से आगे जाम लगना शुरू हुआ।

श्यामपुर रेलवे फाटक पर सड़क संकरी होने के कारण यह समस्या फिर एक बार जाम का कारण बनी। श्यामपुर में सीएनजी का पंप स्थित है। दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र से आने वाले वाहन सीएनजी पंप की ओर बढ़ रहे थे, जिसके लिए ऋषिकेश की दिशा में लगी वाहनों की लाइन तोड़कर वाहन पंप की ओर जाने लगे। जिससे जाम की समस्या और अधिक बढ़ गई।

श्यामपुर बाईपास मार्ग से लेकर नटराज चौक और इससे आगे भद्रकाली तक पूरे दिन जाम लगा रहा। भद्रकाली से तपोवन बाईपास होकर वाहन आगे बढ़ते हैं। जिस कारण इस सड़क पर भी जाम की समस्या पैदा हुई। नगर के भीतरी इलाके भी जाम की समस्या से अछूते नहीं रहे। नटराज चौक से शहर में प्रवेश करने वाले वाहन चार धाम यात्रा बस अड्डा से होकर लक्ष्मण झूला रोड की ओर जाने लगे। जिस कारण इस मार्ग पर भी लंबा जाम लगा रहा।

## तीन सौ बच्चों का पंजीकरण, 50 को मिलेगा दाखिला

**संवाददाता** बागेश्वर। जिले के कपकोट तहसील में एक ऐसा भी प्राथमिक विद्यालय है, जहां प्रवेश के लिए 300 पंजीकरण हो गए हैं। जबकि केवल 50 छात्र–छात्राओं के प्रवेश की अनुमति है। 20 अप्रैल को किस बच्चे को प्रवेश मिलेगा स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। 2016 में पूर्व कांग्रेस सरकार के समय राजकीय प्राथमिक विद्यालय कपकोट को आदर्श विद्यालय का नाम मिला। जूनियर हाइस्कूल भद्रतुंगा में तैनात शिक्षक ख्याली दत्त शर्मा को आदर्श विद्यालय संचालन के लिए यहां अटैच किया गया। वह तब से यहीं पर योगदान दे रहे हैं। 2016 में यहां 44 बच्चे पढ़ रहे थे। वर्तमान में 300 छात्र–छात्राएं अध्यनरत हैं। इस वर्ष कक्षा एक के लिए 300 बच्चों का पंजीकरण हुआ है। उनका टेस्ट भी लिया गया है। 20 अप्रैल को केवल 50 बच्चों को प्रवेश के लिए चयनित कर लिया जाएगा। विद्यालय को आदर्श बनाने में शिक्षक ख्याली दत्त शर्मा का अहम रोल है। वह अविवाहित हैं और स्कूल को अपना परिवार मानते हैं। उन्होंने नर्सरी का संचालन किया है। जिसमें 45 बच्चे पढ़ रहे हैं।